# कार्यालय पुलिस उपायुक्त अपराध, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक-25-05-2025**

Zudio Company **की Dealership दिलाने के नाम पर करोड़ो रूपये का साइबर फ्राड करने गैंग के अन्तर्राज्यीय सरगना सहित 03 शातिर साइबर अपराधी गिरफ्तार तथा उनके कब्जे से मोबाइल, लेपटाप, नकदी आदि बरामद।**

आवेदिका जसवीर कौर पत्नी सुभाष कुमार निवासिनी गोपाल बिहार कालोनी , महमूरगंज, थाना – भेलूपुर ,जनपद- वाराणसी द्वारा थाना हाजा पर प्रार्थना पत्र इस आशय से दिया गया कि आवेदिका को Online Add के माध्यम से zudio company मे फ्रेचाइजी देने के नाम पर फर्जी वेवसाइट zudiofranchisestata-trent.in व मोबाइल नंबर – 7654505783, 9163394672 से वार्तालाप व पत्राचार कर धोखे से विभिन्न खाते में 8,55,500/- रूपये विभिन्न प्रकार के चार्ज का हवाला देते हुए साइबर धोखाधड़ी कर ली गयी है जिस पर थाना हाजा पर मु.अ.सं.-0046 /2024 धारा- 420 भा.द.वि. व 66 डी आई.टी. एक्ट पर पंजीकृत होकर विवेचना श्री निरीक्षक विपिन कुमार द्वारा की जा रही है।

उक्त प्रकरण के दृष्टिगत श्री मोहित अग्रवाल पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी एवं श्री प्रमोद कुमार पुलिस उपायुक्त अपराध कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में तथा श्रीमती श्रुति श्रीवास्तव अपर पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट वाराणसी व श्री विजय प्रताप सिंह सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के नेतृत्व मे **दो टीमों** का गठन कर उक्त घटना के अनावरण हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस टीम द्वारा अलग- अलग पटना,नालंदा बिहार तथा कोलकत्ता , पश्चिम बंगाल के विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग पतारसी सुरागरसी किया गया और काफी प्रयास के बाद 03 शातिर साइबर **अपराधियों को नालंदा बिहार व कोलकत्ता पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया गया** ।

### अपराध करने का तरीका-

साइबर अपराधियों द्वारा सर्वप्रथम वेल इस्टेब्लीस कंपनी जैसे KIA MOTORS , KALYAN JEWELLERS , TATA STAR BUCKS , ZUDIO, ZUBILANT FOODWORK, TATA TRENT , MCDONALD , BURGER KING , MIO AMORE आदि कंपनियों की असली वेवसाइट से मिलती जुलती फर्जी वेवसाइट बनायी व बनवायी जाती है फिर इन वेवसाइटों का PROMOTION ADS के माध्यम से गुगल व विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे FACEBOOK , INSTAGRAM आदि पर किया जाता है जिन व्यक्तियों को उपरोक्त कंपनियों के फ्रेंचाइजी की आवश्यकता होती है , उनके द्वारा उपरोक्त कंपनियों की वेवसाइट Google पर सर्च की जाती है , Paid Promotion होने के कारण यही फर्जी वेवसाइट

सबसे पहले display होती है जिन पर लोगों द्वारा अपना डेटा भरा जाता है जिसके बाद साइबर अपराधियों द्वारा उन व्यक्तियों को फोन कर विभिन्न प्रकार के Charges जैसे Registration Fees, Security Money, GST Fees आदि का हवाला देते हुए तथाकथित कंपनी के फर्जी/म्यूल बैंक खातों में ट्रासफर करा लेते है।

## गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1- आकाश कुमार पुत्र शिवेन्द्र कुमार निवासी ग्राम – गंगापुर कटौना थाना- कतरी सराय जनपद-नालन्दा बिहार, उम्र करीब 24 वर्ष। हाल पता- पी23 बैंक गार्डन पीएस- वंशद्रोणी, कलकत्ता पश्चिम बंगाल

2- प्रशान्त कुमार पुत्र कौशल सिंह निवासी ग्राम –पिंजरी थाना- बारबीघा जनपद- शेखपुरा बिहार, पिन 811105 उम्र करीब 24 वर्ष। हाल पता- पी23 बैंक गार्डन पीएस- वंशद्रोणी, कलकत्ता पश्चिम बंगाल (बी.टेक कम्प्यूटर साइंस)

3- मयंक कुमार पुत्र संजीव कुमार सिन्हा निवासी ग्राम सैदी, पो0 वादी थाना कतरीसराय जनपद नालन्दा बिहार, उम्र करीब 19 वर्ष

## आपराधिक इतिहास-

मु0अ0सं0- 0046/2024 धारा - 420,467,468,471 ,120 बी, 411 भादवि व 66 डी आईटी एक्ट थाना साइबर क्राइम कमिश्नरेट वाराणसी उ0प्र0

आकाश कुमार पंश्चिम बंगाल से जेल गया है

प्रशांत कुमार हरियाणा से जेल गया है

***नोट-*** *आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी की जा रही है।*

## बरामदगी का विवरण-

1- आई . फोन/ एड्राइड मोबाइल - 10 अदद **(कीमत लगभग 06 लाख)।**

2- लेपटाप /आई पैड - 02 अदद **( कीमत लगभग – 1.2 लाख )**

3- **डेबिट कार्ड** - 03 अदद।

4- **चार पहिया टाटा नेक्शान गाड़ी** – 01 अदद ( कीमत लगभग – 14 लाख)

5- मुकदमा उपरोक्त से संबन्धित नगद धनराशि –**3720** रूपये

## *गिरफ्तारी/ सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-*

| **पुलिस टीम -1** | **पुलिस टीम -2** |
|---|---|
| • प्रभारी निरीक्षक श्री विजय नारायण मिश्र | • नि. श्री विजय कुमार यादव |
| • निरीक्षक श्री विपिन कुमार | • उ.नि. श्री संजीव कनौजिया |
| • उ.नि. श्री आलोक रंजन | • उ.नि. श्री शैलेन्द्र कुमार |
| • हे.का. रजनीकान्त | • उ.नि. श्री विवेक सिंह |
| • का. चन्द्रशेखर यादव | • क.आ.ग्रेडबी./एस.एस.आई श्री श्याम लाल गुप्ता |
| • का. पथ्वी राज सिंह | |

| | |
|---|---|
| • का. देवेन्द्र यादव<br>• आ0चा0 विजय कुमार<br>• का. अनिल मौर्य<br>• का. सूर्यभान सिंह | • हे.का. गौतम कुमार<br>• हे.का. राजेन्द्र कुमार पाण्डेय<br>• का. मनीष कुमार सिंह<br>• का. अवनीश सिंह<br>• का. रविन्द्र यादव |

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त, अपराध**
**कमिश्नरेट वाराणसी।**